बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

अधि0 संख्या–भवन / 11 / विविध (मु0)–09 / 2026 2265(प्र)/ पटना, दिनांक– 9/3/26

:: अधिसूचना ::

श्री मिथिलेश कुमार, योजना अभियंता, मुख्य अभियंता (निरूपण) उपभाग अतिरिक्त प्रभार सहायक अभियंता, पटना सिटी भवन प्रमण्डल, गुलजारबाग, पटना के विरूद्ध कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी भवन प्रमण्डल गुलजारबाग के पत्रांक–1066 दिनांक–02.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि श्री कुमार ने प्रमण्डल में पदस्थापित एक अन्य महिला सहायक अभियंता से दुर्व्यवहार किया है। उनके द्वारा यह भी प्रतिवेदित है कि श्री कुमार का आचरण एवं कार्य व्यवहार अभद्र रहा है। इनके द्वारा प्रमण्डलीय कार्यो में व्यवधान उत्पन्न किया जाता रहा है। अपने नियंत्री पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता के निदेशों का अनुपालन भी इनके द्वारा नहीं किया जाता है। अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक–440(अनु0) दिनांक–05.03.2026 द्वारा भी श्री कुमार के विरूद्ध अभद्र व्यवहार एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना की शिकायत की गयी है। इनके विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2024–25 के प्राथमिकता सूची तैयार करने में निदेशों की अवहेलना तथा प्राथमिकता सूची के कार्यो को विवादित एवं विलंबित करने का भी आरोप लगाया गया है।

2. श्री मिथिलेश कुमार, योजना अभियंता, मुख्य अभियंता (निरूपण) अतिरिक्त प्रभार सहायक अभियंता, अवर प्रमण्डल, गुलजारबाग, पटना सिटी भवन प्रमण्डल, गुलजारबाग, पटना के विरूद्ध मामले की गंभीरता को देखते हुए इन्हें अतिरिक्त प्रभार (सहायक अभियंता, अवर प्रमण्डल, गुलजारबाग, पटना सिटी भवन प्रमण्डल, गुलजारबाग, पटना) से तत्काल प्रभाव से विमुक्त किया जाता है।

3. श्री कुमार के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अलग से आदेश निर्गत किया जायेगा।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

9/3/26

(शिव रंजन)
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– भवन / 11 / विविध (मु0)–09 / 2026 2265(प्र)/ पटना, दिनांक– 9/3/26

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, पटना / वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना / सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/3/26

सरकार के सयुंक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–भवन / 11 / विविध (मु0)–09 / 2026 2265(प्र) पटना, दिनांक 9/3/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / सभी अपर सचिव / सभी संयुक्त सचिव / सभी उप सचिव / अभियंता प्रमुख / सभी मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना / कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी भवन प्रमण्डल, गुलजारबाग / प्रशाखा पदाधिकारी, राजपत्रित स्थापना प्रशाखा–02 / श्री मिथिलेश कुमार, योजना अभियंता, मुख्य अभियंता (निरूपण) अतिरिक्त प्रभार सहायक अभियंता, अवर प्रमण्डल, गुलजारबाग, पटना सिटी भवन प्रमण्डल, गुलजारबाग, पटना / आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/3/26

सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

F:\Sumit Kumar Vatsa\2023\Rakesh Sir\Prarup Nigrani